# कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर
छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल परिसर, पेंशनबाड़ा, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं.– 0771– 4019274, 4019278, फैक्स नं– 0771– 4019287, 4019283

क्रमांक/व्यापम./2014/2141 रायपुर, दिनांक 06/03/14

प्रति

1 संचालक, तकनीकी शिक्षा, बैरन बाजार, रायपुर।
2 संचालक, चिकित्सा शिक्षा, इंद्रावती भवन, नया रायपुर ।
3 संचालक, एस.सी.ई.आर.टी., शंकर नगर, रायपुर ।
4 संचालक, आयुष, रायपुर ।
5 कुल सचिव, कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर ।
6 कुल सचिव, कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग ।

विषय :– वर्ष 2014 में आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षाओं की समय सारिणी ।

संदर्भ :– इस कार्यालय का पत्र क्रमांक/व्यापम/2013/1894/ रायपुर, दिनांक 31.12.2013

----000----

विषयांतर्गत वर्ष 2014 में व्यापम द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षाओं की संभावित तिथियों के बारे में पूर्व में सूचित किया गया था। लोकसभा चुनाव 2014 की घोषणा के पश्चात उन तिथियों में आंशिक परिवर्तन करते हुए समय सारणी निम्नानुसार निर्धारित की गई है–

| क्र. | परीक्षा का नाम | ऑनलाइन आवेदन की तिथि | परीक्षा तिथि | परीक्षा समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पी.ई.टी. | 20 मार्च से 30 मार्च 2014 | 01.05.2014 गुरूवार | 9.00 से 12.15 |
| 2 | पी.पी.एच.टी. | 20 मार्च से 30 मार्च 2014 | 01.05.2014 गुरूवार | 2.00 से 5.15 |
| 3 | पी.पी.टी. | 01 अप्रैल से 10 अप्रैल 2014 | 11.05.2014 रविवार | 9.00 से 12.15 |
| 4 | पी.ए.टी. | 01 अप्रैल से 10 अप्रैल 2014 | 11.05.2014 रविवार | 2.00 से 5.15 |
| 5 | प्री.एम.सी.ए. | 05 अप्रैल से 14 अप्रैल 2014 | 21.05.2014 बुधवार | 9.00 से 12.15 |
| 6 | बी.पी.टी./पी.व्ही.टी. | 05 अप्रैल से 14 अप्रैल 2014 | 21.05.2014 बुधवार | 9.00 से 11.15 प्रथम प्रश्न पत्र – (भौतिकी + रसायन) 3.00 से 5.15 द्वितीय प्रश्न पत्र – (बॉटनी + जुलॉजी) |
| 7 | प्री.बी.एड. | 11 अप्रैल से 21 अप्रैल 2014 | 25.05.2014 रविवार | 9.00 से 11.15 |
| 8 | प्री. डी.एड. | 11 अप्रैल से 21 अप्रैल 2014 | 25.05.2014 रविवार | 3.00 से 5.15 |
| 9 | बी.एस.सी. नर्सिंग | 22 अप्रैल से 01 मई 2014 | 01.06.2014 रविवार | 9.00 से 11.15 |
| 10 | बी.ए.एम.एस. | 22 अप्रैल से 01 मई 2014 | 01.06.2014 रविवार | 2.00 से 5.15 |

AD 14/3/14 B.Ed/D.Ed

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर

क्रमांक 1799
दिनांक 18-3-14

Samanvay

CGVYAPAM WEBSITES

http://cgvyapam.choice.gov.in/

http://cgvyapamorg.org.in/cgvyapam/

# प्री.बी.एड. प्रवेश नियम

## स्कूल शिक्षा विभाग

## मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

## रायपुर, दिनांक 20 अप्रेल 2006

## // अधिसूचना //

क्रमांक 5–5–20/2006 – राज्य शासन एतद् द्वारा प्रदेश में महाविद्यालय में बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए निम्नलिखित नियम बनाता है, अर्थात् :–

1. संक्षिप्त नाम, प्रारंभ तथा विस्तार–इन नियमों का नाम छत्तीसगढ़ बी.एड. प्रवेश नियम 2006 होगा। यह संम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के सभी शासकीय एवं निजी बी.एड. पाठ्यक्रम संचालित करने वाले महाविद्यालयों पर लागू होंगे। यह तत्काल प्रभावशील होंगे।

**2.** परिभाषाएँ इन नियमों में जब तक कि संदर्भ द्वारा अन्यथा अभिप्रेरित न हो –

(क) **"राज्य शासन"** से तात्पर्य है, छत्तीसगढ़ शासन।

(ख) **"श्रेणी"** से तात्पर्य है, अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर)।

(ग) **"संवर्ग"** से तात्पर्य है, महिला, निःशक्त, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा भूतपूर्व सैनिक।

(घ) **"प्री बी.एड. परीक्षा"** से तात्पर्य है, बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षा।

(ड.) **"संचालक"** से तात्पर्य है, संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्।

(च) **"अनुदान प्राप्त महाविद्यालय"** से तात्पर्य है, ऐसा महाविद्यालय जिसने कभी भी राज्य शासन के किसी भी प्रकार का अनुदान, अथवा चल–अचल संपत्ति की कोई सहायता प्राप्त की हो, और "गैर अनुदान प्राप्त महाविद्यालय" का तात्पर्य भी इसी अनुसार निकाला जाएगा।

[1](छ) गैर अनुदान प्राप्त अल्पसंख्यक महाविद्यालय से अभिप्रेत है कि ऐसे महाविद्यालय जो छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा प्रमाणित हो तथा महाविद्यालय के न्यूनतम 50 प्रतिशत सीट धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के अभ्यार्थियों के लिए आरक्षित करते हों।

---

1. छ.ग. राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग की अधिसूचना क्रं. 18–44/20/2007 दिनांक 29 मार्च 2007 द्वारा संशोधित प्रतिस्थापित।

[1](ज) ''ऑनलाइन आंबटन'' से अभिप्रेत है कि प्री.बी.एड. प्रावीण्य सूची के ऐसे उम्मीदवार जो बी.एड.पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित अर्हताएं रखते हैं तथा उन्हें अनुमान है कि उन्हें बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु महाविद्यालय आबंटित हो सकता है, विकल्प फार्म भरने हेतु निर्धारित केन्द्रों में जाकर ऑनलाइन विकल्प फार्म भरते हैं। ऐसे उम्मीदवारों को प्री.बी.एड.परीक्षा प्रावीण्यता, महाविद्यालय में रिक्त सीटों तथा उनके द्वारा भरे गये महाविद्यालयों के विकल्प के आधार पर महाविद्यालय का आबंटन किया जाता है।

**3. बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश –**

[2](क) **प्री बी.एड. परीक्षा –** सामान्यतया बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश प्री.बी.एड. की प्रावीण्य सूची के आधार पर किए गए ऑनलाइन आबंटन के माध्यम से ही दिया जायेगा।

(ख) मूल निवासी – राज्य के शासकीय तथा अशासकीय अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों में बी. एड. पाठ्यक्रम की समस्त सीटों पर तथा निजी गैर अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों में 80 प्रतिशत सीटों पर केवल छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। निजी गैर अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों की 20 प्रतिशत सीटों पर छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों को भी प्रवेश दिया जा सकेगा। छत्तीसगढ़ के मूल निवासी की परिभाषा छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप होगी।

(ग) न्यूनतम आयु–किसी भी ऐसे अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा जिसने प्री.बी.एड. परीक्षा के वर्ष की 31 दिसंबर अथवा उसके पूर्व की तिथि में 20 वर्ष की आयु पूर्ण न कर ली हो।

**4. प्री.बी.एड. परीक्षा में सम्मिलित होने की अर्हताएं –** बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए निम्नलिखित अर्हताएँ होंगी –

(क) भारत का नागरिक हो।

[3](ख) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक/स्नातकोत्तर की उपाधि अथवा समतुल्य किसी अन्य अर्हता में कम से कम राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा निर्धारित अंक प्राप्त हो। अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/ अन्य पिछड़ा वर्ग एवं संवर्ग के अभ्यार्थियों के लिए 5 प्रतिशत अंकों में छूट की व्यवस्था होगी।ऐसे अभ्यर्थियों को जो त्रिवर्षीय स्नातक या स्नातकोत्तर

---

1. छ.ग. राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग की अधिसूचना क्रं F 5–5/2006/20–एक दिनांक 1 अप्रैल 2010 द्वारा संशोधित प्रतिस्थापित।
2. छ.ग. राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग की अधिसूचना क्रं F 5–5/2006/20–एक दिनांक 1 अप्रैल 2010 द्वारा संशोधित प्रतिस्थापित।
3. छ.ग. राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग की अधिसूचना क्रं F 5–5/2006/20–एक दिनांक 9 अगस्त 2010 द्वारा संशोधित प्रतिस्थापित।

(स्नातक प्राप्तांक निर्धारित अंक से कम होने पर) के अंतिम वर्ष की परीक्षा में बैठे हैं, प्री.बी.एड.परीक्षा में प्रोवीजनल प्रवेश दिया जायेगा। परंतु उन्हें ऑनलाइन विकल्प फार्म भरने के समय स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। ऑनलाइन विकल्प फार्म भरते समय ऐसा प्रमाण प्रस्तुत न करने की स्थिति में प्री.बी.एड. परीक्षा की प्रावीण्य सूची में होने पर भी उन्हें बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

5. **बी.एड. पाठ्यक्रम में सीटों का आरक्षण** – बी.एड. पाठ्यक्रम में उपलब्ध सीटों में वर्टिकल तथा क्षैतिज दोनों प्रकार का आरक्षण होगा। वर्टिकल आरक्षण के लिए श्रेणियाँ होगीं, तथा क्षैतिज आरक्षण के लिए संवर्ग होंगे।

(क) वर्टिकल आरक्षण अथवा श्रेणी–वर्टिकल आरक्षण निम्नानुसार होगा –

(एक) अनुसूचित जाति के लिए 15 प्रतिशत।

(दो) अनुसूचित जनजाति के लिए 21 प्रतिशत।

(तीन) अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) के लिए 14 प्रतिशत।

**स्पष्टीकरण** – अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) श्रेणियों में आरक्षण का लाभ पाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इन श्रोणियों के जाति प्रमाण के संबंध में समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(ख) क्षैतिज आरक्षण अथवा संवर्ग का तात्पर्य है कि यह आरक्षण सभी श्रेणियों की सीटों पर समान रूप से होगा। क्षैतिज आरक्षण निम्नानुसार होगा –

(एक) निःशक्त संवर्ग के लिए 6 प्रतिशत। इस संवर्ग में आरक्षण का लाभ पाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप निःशक्त होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(दो) स्वंतंत्रता संग्राम सैनिक संवर्ग श्रेणी के लिए 3 प्रतिशत । इस संवर्ग में आरक्षण का लाभ पाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप स्वंतंत्रता संग्राम सैनिक अथवा उनका पुत्र/पुत्री/पौत्र/पौत्री होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(तीन) भूतपूर्व सैनिक संवर्ग के लिए 3 प्रतिशत । इस संवर्ग में आरक्षण का लाभ पाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप भूतपूर्व सैनिक होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

[1](ग) ''उपरोक्त आरक्षण नियम गैर अनुदान प्राप्त अल्पसंख्यक महाविद्यालयों'' एवं 'गैर अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों' में लागू नहीं होंगे।''

**6. प्री. बी.एड. परीक्षा –**

(क) प्रतिवर्ष बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए एक प्री. बी.एड. परीक्षा आयोजित की जाएगी।

(ख) राज्य शासन आदेश द्वारा प्री.बी.एड. परीक्षा आयोजित करने की एजेंसी नियुक्त करेगा। राज्य शासन किसी भी समय इस हेतु किए गए आदेश द्वारा एजेंसी बदल सकेगा।

(ग) प्री बी.एड. परीक्षा में एक ही प्रश्न प्रत्र होगा। अंकों का विभाजन निम्नानुसार होगा –

1. सामान्य मानसिक योग्यता – 30 प्रतिशत।
2. सामान्य ज्ञान – 20 प्रतिशत।
3. सामान्य अभिरूचि – 30 प्रतिशत।
4. सामान्य हिन्दी – 10 प्रतिशत।
5. सामान्य अंग्रेजी – 10 प्रतिशत।

(घ) केवल वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे।

(ड.) निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

(च) प्री. बी.एड. परीक्षा में पुर्नमूल्यांकन तथा अंकों की पुनर्गणना नही की जाएगी।

**7. प्रावीण्य सूची –** प्री. बी.एड. परीक्षा के प्राप्ताकों के आधार पर परीक्षा लेने वाली एजेंसी द्वारा अनुसूचित जाति श्रेणी, अनुसूचित जनजाति श्रेणी, अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) श्रेणी तथा अनारक्षित श्रेणी की पृथक–पृथक प्रावीण्य सूचियाँ तैयार की जायेंगी। अनारक्षित श्रेणी की प्रावीण्य सूची में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) तथा सामान्य सभी जातियों को शामिल किया जाएगा। प्रावीण्य सूचियाँ छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों तथा अन्य अभ्यार्थियों के लिए पृथक–पृथक बनाई जायेंगी। प्रावीण्य सूची में अभ्यर्थी का वर्ग भी अंकित किया जायेगा। समान प्राप्तांक होने पर भी अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को प्रावीण्यता क्रम में उपर रखा जाएगा।

---

1. छ.ग. राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग की अधिसूचना क्रं F 5–5/2006/20–एक दिनांक 1 अप्रैल 2010 द्वारा संशोधित प्रतिस्थापित।

[1] **8. ऑनलाइन आबंटन–**

(क) प्रावीण्य सूची की घोषणा के पश्चात् संस्थाओं में प्रवेश ऑनलाइन आबंटन विधि से किया जावेगा।

(ख) ऑनलाइन विकल्प फार्म भरते समय उम्मीदवार आवश्यक मूल प्रमाण–पत्रों/दस्तावेजों तथा 350/– रू. (अक्षरी– तीन सौ पचास रूपये मात्र) के रेखांकित बैंक ड्राफ्ट संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के नाम से रायपुर में देय के साथ निर्धारित केन्द्र में स्वयं के व्यय से उपस्थित होंगे। इन केन्द्रों में अभ्यर्थी के प्रमाण पत्रों की प्रारंभिक जांच होगी।

(ग) ऑनलाइन फार्म भरने की सूचना एवं केन्द्रों की सूची राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के वेबसाइट तथा राज्य के दो प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित किये जायेंगे।

(घ) अभ्यर्थी केवल उन्हीं महाविद्यालयों का विकल्प चुने जहां वे प्रवेश लेना चाहते हैं।

(ड.) अभ्यर्थियों को महाविद्यालय का आबंटन उसके द्वारा दिये गये ऑनलाइन विकल्प (संस्था को दी गई प्राथमिकता) प्री.बी.एड. परीक्षा में उसका प्रावीण्यता क्रम तथा सीटों की उपलब्धता के आधार पर संचालक द्वारा किया जायेगा।

(च) सीट आबंटन की सूची राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के वेबसाइट पर तथा जिस केन्द्र में अभ्यर्थी ने विकल्प फार्म भरा है उसी केन्द्र पर उपलब्ध होगी। सीट्स आबंटन की सूचना डाक द्वारा अभ्यर्थी को नहीं दी जायेगी।

(छ) ऑनलाइन आबंटन के पश्चात् निर्धारित समय अवधि में अभ्यर्थी या तो आबंटित संस्था में जाकर प्रवेश ले अथवा अपना आबंटन निर्धारित कालावधि समाप्त होने के पहले निरस्त कराकर नया विकल्प फार्म उसी केन्द्र में जहां पहले फार्म भरा था, ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इसके लिए निर्धारित राशि पुनः जमा करनी होगी अन्यथा ऐसा नहीं करने पर अभ्यर्थी का महाविद्यालय आबंटन निर्धारित समयावधि के पश्चात् स्वयमेव निरस्त हो जायेगा तथा उस अभ्यर्थी को आगे की प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। पुनः विकल्प फार्म भरने वाले अभ्यर्थी को रिक्त सीटों के लिए महाविद्यालय आंबटन अगली सूची जारी करते समय किया जावेगा।पुनः विकल्प फार्म भरने का यह अवसर केवल एक बार के लिए होगा।

(ज) महाविद्यालय द्वारा अभ्यर्थी के मूल दस्तावेजों को जांचकर प्रवेश दिया जायेगा। अगर मूल दस्तावेजों में कोई कमी या त्रुटि पाई जाती है तो उसका चयन निरस्त कर दिया जायेगा। ऑनलाइन आबंटन के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में संचालक का निर्णय अंतिम होगा।

9. **आरक्षित संवर्ग के पर्याप्त अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की दशा में प्रवेश** – आरक्षित संवर्ग के पर्याप्त अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की दशा में इन संवर्गों के लिए आरक्षित सीटों को उसी श्रेणी की अनारक्षित सीटों में परिवर्तित कर दिया जाएगा।

---

1. छ.ग. राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग की अधिसूचना क्रं F 5–5/2006/20–एक दिनांक 1 अप्रैल 2010 द्वारा संशोधित प्रति स्थापित।

**10.** आरक्षित श्रेणी के पर्याप्त अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की दशा में प्रवेश–किसी भी आरक्षित श्रेणी में पर्याप्त अभ्यर्थी न होने की दशा में प्रवेश निम्नानुसार दिया जाएगा –

(क) अनुसूचित जाति श्रेणी के पर्याप्त अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की दशा में इस श्रेणी के लिए आरक्षित सीटें अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों से भरी जाएंगी।

(ख) अनुसूचित जनजाति श्रेणी के पर्याप्त अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की दशा में इस श्रेणी के लिए आरक्षित सीटें अनुसूचित जाति श्रेणी के अभ्यर्थियों से भरी जाएंगी।

(ग) अनुसूचित जाति श्रेणी अनुसूचित जनजाति श्रेणी दोनो के ही पर्याप्त अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की दशा में इन श्रेणियों के लिए आरक्षित सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) श्रेणी के अभ्यर्थियों से भरी जाएंगी।

(घ) अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) श्रेणी के पर्याप्त अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की दशा में इस श्रेणी के लिए आरक्षित सीटें पहले अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों से और बाद में भी सीटें रिक्त रहने पर अनुसूचित जाति श्रेणी के अभ्यार्थियों से भरी जाएंगी।

(ड.) सभी अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की दशा में ही आरक्षित सीटें अनारक्षित की जायेंगी।

**11. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थी पर्याप्त संख्या उपलब्ध न होने की दशा में प्रवेश –** इन नियमों में जो सीटें छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों से ही भरी जाना अनिवार्य हैं, उन सीटों के लिए पर्याप्त संख्या में छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की दशा में यह सीटें भी अन्य अभ्यर्थियों से भरी जा सकेंगी।

**12. प्रवेश का निरस्तीकरण** – यदि यह पाया जात है कि अभ्यर्थी के महाविद्यालय में प्रवेश पाने के पीछे किसी झूठी या गलत सूचना का आधार था अथवा उसने कोई प्रारंभिक तथ्य छुपाया था, अथवा प्रवेश के बाद की अवधि में यह पता चलता है कि उसे किसी त्रुटि अथवा चूक के कारण प्रवेश मिल गया था तो ऐसी अभ्यर्थी को दिया गया प्रवेश उसके अध्ययन की अवधि में बिना किसी पूर्वसूचना के संस्था प्रमुख द्वारा निरस्त किया जा सकेगा। प्रवेश को लेकर किसी भी विवाद अथवा संदेह की स्थिति में राज्य शासन का निर्णय अंतिम होगा।

**13. महाविद्यालय की फीस** – सभी महाविद्यालयों को इस संबंध में राज्य शासन के सामान्य निर्देशों के अध्यधीन रहते हुए अपनी फीस निर्धारित करने का अधिकार होगा।

परंतु यह कि महाविद्यालय अपनी फीस इस प्रकार निर्धारित करेंगे, कि फीस अत्यधिक लाभ कमाने का जरिया न बन जाए। फीस का निर्धारण महाविद्यालयों को अपनी अधोसंरचनाओं एवं मानव संसाधनों पर किए जाने वाले व्यय के अनुरूप करना होगा तथा वे इसकी एक लेखा परीक्षित विवरणी राज्य शासन को सौपेगें तथा सार्वजनिक रूप से आम जनता को सूचना के लिए प्रदेश के कम कम से दो समाचार पत्रों में भी प्रकाशित करेंगे।

परंतु यह भी कि महाविद्यालयों को प्री.बी.एड. परीक्षा का प्रास्पेक्ट्स छापने के पूर्व अपनी फीस प्री.बी.एड. एजेंसी तथा राज्य शासन को लिखित में सूचित करनी होंगी, ताकि फीस की जानकारी प्रास्पेक्ट्स में छापी जा सके।

परंतु यह भी कि एक बार किसी अभ्यर्थी को प्रवेश देने के पश्चात् उस अभ्यर्थी के लिए फीस बढ़ाई नहीं जा सकेगी।

14. **नियमों की व्याख्या** – प्रवेश हेतु अभ्यार्थियों के चयन के संबंधित सभी नीतिगत प्रश्नों का निर्णय करने के लिए राज्य शासन अंतिम रूप से प्राधिकारी होगा। यदि प्रवेश के इन नियमों की व्याख्या से संबंधित कोई विवाद उत्पन्न होता है तो राज्य शासन का निर्णय अंतिम तथा बंधनकारी होगा।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(डॉ. आलोक शुक्ला)
सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

## //आवश्यक सूचना//

1. ऑनलाइन विकल्प फार्म भरने की तिथि तथा केवल कार्यक्रम का विज्ञापन ही एस.सी.ई आर.टी. के वेबसाइट **http://scert.cg.gov.in** में तथा छ.ग. राज्य के कम से कम दो प्रमुख समाचार पत्रों में ऑनलाइन आबंटन की प्रक्रिया प्रारंभ होने के 3–4 दिवस पूर्व देख सकते हैं। इसके अतिरिक्त आबंटन प्रक्रिया के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश इस विवरणिका के साथ दिया गया है इसका अध्ययन ध्यानपूर्वक कर लेवें।
2. आवश्यक दिशा निर्देश में ऑनलाइन विकल्प फार्म भरने के लिए निर्धारित केन्द्रों की सूची भी दिया गया है।
3. पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी आबंटन प्रक्रिया शुल्क 350/– चालान के माध्यम से ही लिया जायेगा। चालान का प्रारूप इस विवरणिका के साथ दिया गया है।
4. अभ्यर्थियों को महाविद्यालय आबंटन की सूचना डाक द्वारा नहीं दी जायेगी। अभ्यर्थी आबंटन की जानकारी परिषद् के वेबसाइट **http://scert.cg.gov.in** में जाकर MKCL के साइट में जाने का लिंक का उपयोग कर MKCL के वेबसाइट में अपना विकल्प फार्म क्रमांक /प्री.बी.एड. रोल नम्बर Submit कर प्राप्त कर सकते हैं।
5. महाविद्यालय आबंटित होने के बाद अभ्यर्थी को अपने केन्द्र में जाकर अस्थाई सीट्स आबंटन पत्र (प्रवेश सूचना) केन्द्र समन्वयक के हस्ताक्षर के साथ प्राप्त करने होंगे या MKCL के वेबसाइट oasis.mkcl.org/cgbed2014 में अपना विकल्प फार्म/प्री. बी.एड. का रोल नम्बर Submit कर आबंटन पत्र का प्रिंट प्राप्त कर सकेंगे। आबंटन पत्र के बिना चयनित अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं देगा। परिषद् द्वारा प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात् किसी भी अभ्यर्थी को आबंटन पत्र नहीं दिये जायेगें। महाविद्यालय को भी चयनित अभ्यर्थी को ऑनलाइन प्रवेश देना होगा ऐसा नही करने पर महाविद्यालय को आगामी सूची में सीटे रिक्त रहने पर भी छात्र आबंटित नही किये जायेगे।
6. महाविद्यालय में प्रवेश के समय उम्मीदवार के मूल दस्तावेजों का सत्यापन किया जायेगा, उसके उपरांत ही प्रवेश दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त में स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र मूल में प्रस्तुत करना होगा। गलत भ्रामक जानकारी देकर प्रवेश लेने पर प्रवेश किसी भी समय निरस्त किया जा सकेगा जिसकी समस्त जवाबदारी अभ्यर्थी की है। महाविद्यालय में प्रवेश के पश्चात् राज्य के बाहर के अभ्यर्थियों के लिए संबंधित विश्वविद्यालय से पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी अभ्यर्थी को पात्रता प्रमाण पत्र नहीं दिए जाने की स्थिति में एस.सी.ई.आर.टी. की शेष जवाबदारी भी होगी।
7. 30 सितम्बर 2014 के पश्चात् सत्र 2014–15 हेतु किसी भी प्रकार की प्रवेश प्रक्रिया नहीं की जावेगी।
8. राज्य के शासकीय/अनुदान प्राप्त शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश में सीटों का आरक्षण छ.ग. शासन द्वारा जारी नियमों एवं निर्देशों के अंतर्गत किया जाता है। प्रवेश के समय छ.ग. शासन द्वारा लागू आरक्षण नियमों/निर्देशों के अंतर्गत प्रवेश की कार्यवाही की जावेगी।
9. समय–समय पर संशोधित नियम एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाइट http://scert.cg.gov.in में देखे जा सकते है।
10. निजी व शासकीय शिक्षा महाविद्यालयों का प्रवेश शुल्क शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुसार होगा। इसकी जानकारी एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाइट **http://scert.cg.gov.in** से प्राप्त कर सकते है।
11. राज्य के अशासकीय शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश में छ.ग. के SC/ST/OBC वर्ग के अभ्यर्थियों को सीटों में आरक्षण छ.ग. के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना क्रमांक F9-02/2012/तक.शि./42 दिनांक 19 फरवरी 2013 के अनुसार दिया जायेगा।
12. ऑनलाइन आबंटन प्रक्रिया में भाग लेने पर किसी अभ्यर्थी द्वारा सीट आबंटन हेतु दावा भी हो सकता है।

(अनिल राय)
संचालक
एस.सी.ई.आर.टी., छ.ग. रायपुर

# बी.एड. संचालित संस्थाओं में स्वीकृत सीटों का विवरण

| क्र. | जिला | संस्था का नाम एवं पता | महा– विद्यालय का प्रकार | महा – विद्यालय का कोड | सीटो का प्रकार | योग 100% |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | रायपुर | शास. शिक्षा महा. रायपुर | शासकीय | 119101 | छ.ग.के निवासी | 93 |
| | | | | | अखिल भारतीय | — |
| 2 | रायपुर | पं.हरिशंकर शुक्ल महाविद्यालय, कचना रोड रायपुर | निजी | 119317 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 3 | रायपुर | सेंट विन्सेंट पैलौटी कॉलेज कापा, रायपुर | **अल्प संख्यक** (निजी) | 119401 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 4 | रायपुर | प्रगति कॉलेज सेंट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी,रायपुर | निजी | 119310 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 5 | रायपुर | दुर्गा महाविद्यालय के.के.रोड़ मौदहापारा रायपुर | निजी | 119316 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 6 | रायपुर | विकास शिक्षा महाविद्यालय देवपुरी रायपुर | निजी | 119319 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 7 | रायपुर | सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय, नयापारा राजिम जिला – रायपुर | निजी | 119314 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 8 | रायपुर | दिशा कालेज आफ आई.टी. कोटा, रायपुर | निजी | 119306 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 9 | रायपुर | इंस्टीट्यूट आफ टीचर्स एज्यूकेशन पं. रविशंकर वि.वि. रायपुर | विश्व विद्यालय स्व–वित्तपोसी | 119313 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 10 | रायपुर | इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालॉजी एंड साइंसेस, गरियाबंद जिला–रायपुर | निजी | 119303 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 11 | रायपुर | विवेकानंद इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन, कोटा, रायपुर | निजी | 119302 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 12 | रायपुर | कांलिदी महाविद्यालय एम.एम. आई. हास्पीटल के पीछे लालपुर, रायपुर | निजी | 119320 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 13 | रायपुर | महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज, समता कालोनी, रायपुर | निजी | 119325 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 14 | रायपुर | ग्रेसियस कॉलेज ऑफ एजूकेशन बेलभाठा अभनपुर | निजी | 119323 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | रायपुर | नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा अभनपुर | निजी | **119324** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 16 | रायपुर | गुरुकुल इंस्टीट्यूट केशोडार रोड, गरियाबंद | निजी | **119322** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 17 | रायपुर | मेट्स विश्वविद्यालय शिक्षा संकाय, गुल्लु आरंग,रायपुर | निजी विश्वविद्यालय | **119321** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 18 | रायपुर | रामकृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ एज्यूकेशन 58 –59 सुन्दरनगर ,रायपुर | निजी | **119315** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 19 | रायपुर | विप्र कला वाणिज्य और शारीरिक शिक्षा महा.वि.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के पीछे डुमरतालाब रायपुर | निजी | **119326** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 20 | रायपुर | महात्मा गांधी कालेज गुरूद्वारा के पीछे स्टेशन रोड | निजी | **119327** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 21 | रायगढ़ | एरिसेन्ट कालेज पटेलपाली ,एन.एच 16 सारंगढ़ रोड़ रायगढ़ | निजी | **122301** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 22 | दुर्ग | कल्याण महा. सेक्टर–7 भिलाईनगर जिला – दुर्ग | **अनुदान प्राप्त** (निजी) | **114201** | छ.ग.के निवासी | 300 |
| | | | | | अखिल भारतीय | — |
| 23 | दुर्ग | सेंट थामस महाविद्यालय रूआबांधा, भिलाई | **अल्प संख्यक** (निजी) | **114402** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 24 | दुर्ग | भिलाई मैत्री कॉलेज रिसाली, सेक्टर, भिलाई–दुर्ग | निजी | **114303** | छ.ग.के निवासी | 160 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 40 |
| 25 | दुर्ग | जी.एस. आर्य कन्या महा. आर्य नगर, दुर्ग | निजी **कन्या** | **114323** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 26 | दुर्ग | श्री शंकराचार्य महाविद्यालय सेक्टर–6, भिलाईनगर | निजी | **114301** | छ.ग.के निवासी | 160 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 40 |
| 27 | दुर्ग | मनसा कॉलेज, इण्डस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर कोहका रोड,कुरूद, भिलाई | निजी | **114310** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 28 | दुर्ग | श्री रावतपुरा सरकार संस्थान, कुम्हारी, दुर्ग | निजी | **114325** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 29 | दुर्ग | छत्तीसगढ़ कल्याण समिति अहिरी, दुर्ग | निजी | **114304** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 30 | दुर्ग | भिलाई नायर समाजम कॉलेज सेक्टर–8, भिलाई नगर, जिला – दुर्ग | निजी | **114321** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 31 | दुर्ग | शिवा कॉलेज, मैत्री विहार, सुपेला, भिलाई | निजी | **114306** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 32 | दुर्ग | स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको, भिलाई | निजी | **114302** | छ.ग.के निवासी | 160 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 40 |
| 33 | दुर्ग | रूंगटा कॉलेज आफ साइंस एण्ड टेक्नालॉजी ,जी.ई.रोड गंजपारा दुर्ग | निजी | **114324** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 34 | दुर्ग | छत्तीगसढ़ वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय सेक्टर–6 भिलाईनगर | **अल्प संख्यक** (निजी) | **114401** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 35 | दुर्ग | अपोलो कॉलेज अपोजिट वेटनरी कॉलेज, अंजोरा, जिला–दुर्ग | निजी | **114308** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 36 | दुर्ग | उदय महाविद्यालय ए.सी.सी. बोगदा पुल के पास, नंदनी रोड जामुल, भिलाई–दुर्ग | निजी | **114307** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 37 | दुर्ग | एम.जे. कॉलेज कोहका जुनवानी रोड, भिलाई | निजी | **114326** | छ.ग.के निवासी | 160 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 40 |
| 38 | दुर्ग | बी.आई.आई.टी. महाविद्यालय, पद्नाभपुर, पुलगांव बायपास रोड, दुर्ग | निजी | **114322** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 39 | दुर्ग | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद कला, वाणिज्य एवं शिक्षा महाविद्यालय, धनोरा रोड़, रिसाली भिलाई | निजी | **114314** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 40 | दुर्ग | सेठ शगुनचंद सुराना कॉलेज महावीर कॉलोनी दुर्ग | निजी | **114319** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 41 | दुर्ग | जगतगुरू शंकराचार्य कॉलेज भिलाई दुर्ग | निजी | **114327** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 42 | दुर्ग | कांतीदर्शन महाविद्यालय कांतिदर्शन परिसर कोसानगर दुर्ग | निजी | **114320** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 43 | दुर्ग | भिलाई महिला महाविद्यालय भिलाई | निजी | **114328** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 44 | दुर्ग | जी.डी.रुगंटा कॉलेज कोहका–कुरुद रोड, भिलाई–दुर्ग | निजी | **114311** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 45 | दुर्ग | अग्रसेन कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन ग्राम–धनोरा, दुर्ग | निजी | **114316** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 46 | दुर्ग | आर्यावर्त शिक्षा महाविद्यालय रुआबांधा भिलाई–दुर्ग | निजी | **114318** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 47 | दुर्ग | सेठ बद्रीलाल खण्डेलवाल शिक्षा महाविद्यालय, गौरव पथ, उतई रोड दुर्ग | निजी | **114317** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 48 | दुर्ग | भिलाई कालेज ऑफ आई.टी. जामुल ,भिलाई वार्ड 4 चंडी मंदिर वार्ड अहिरवारा रोड भिलाई | निजी | **114312** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 49 | दुर्ग | खालसा कॉलेज मालवीय नगर चौक, दुर्ग | निजी | 114315 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 50 | कोरबा | अग्रसेन महाविद्यालय, कोरबा | निजी | **116301** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 51 | कोरबा | कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा | निजी | **116303** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 52 | जगदलपुर | क्राइस्ट कॉलेज गीदम रोड, जगदलपुर | अल्प संख्यक (निजी) | **110401** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 53 | जगदलपुर | श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय कंगोली जगदलपुर | निजी | **110301** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 54 | जगदलपुर | सूर्या महाविद्यालय जगदलपुर | निजी | **110302** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 55 | बिलासपुर | शास. शिक्षा.महा. बिलासपुर | **शासकीय** | **111101** | छ.ग.के निवासी | 95 |
| | | | | | अखिल भारतीय | — |
| 56 | बिलासपुर | डी.पी.विप्र शिक्षा महाविद्यालय, बिलासपुर | निजी | **111303** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 57 | बिलासपुर | मौलाना आजाद, शिक्षा महाविद्यालय, बिलासपुर | निजी | **111304** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 58 | बिलासपुर | डॉ. सी.व्ही. रमन शिक्षा विश्वविद्यालय कोटा, बिलासपुर | निजी विश्वविद्यालय | **111302** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 59 | बिलासपुर | सी.एम.डी.कॉलेज, लिंकरोड, बिलासपुर | निजी | **111305** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 60 | बिलासपुर | शिक्षा महाविद्यालय मेडुका, ग्राम–मेडुका, पोस्ट–दर्री, वाया पेण्ड्रा रोड,बिलासपुर | निजी | **111306** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 61 | बिलासपुर | श्री सिद्ध पीठ महामाया शिक्षा महाविद्यालय नेहरू नगर, बिलासपुर | निजी | **111307** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 62 | बिलासपुर | शुभम शिक्षण महाविद्यालय बिलासपुर | निजी | **111308** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 63 | बिलासपुर | डी.एल.एस.कॉलेज ऑफ एजूकेशन बिलासपुर | निजी | **111309** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 64 | बिलासपुर | जे.ई.एस कालेज ग्राम फरहदा ,गतौरा रेल्वे स्टेशन के पास ,बिलासपुर | निजी | **111310** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 65 | बिलासपुर | आयुष कालेज ऑफ एज्यूकेशन मरवाही,लोहारी पोष्ट–मरवाही जिला बिलासपुर | निजी | **111311** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 66 | बिलासपुर | जी.टी.बी.कालेज ऑफ एज्यूकेशन फरहदा ,गतौरा रेल्वे स्टेशन के पास ,बिलासपुर | निजी | **111312** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 67 | सरगुजा | संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय, नमनाकला, अम्बिकापुर | निजी | **121303** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 68 | सरगुजा | सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाषनगर अंबिकापुर | निजी | **121304** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 69 | सरगुजा | सेंट जेवियर कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन, अम्बिकापुर | **अल्प संख्यक** (निजी) | **121301** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 70 | कोरिया | डॉ.आर.एन.एस.शिक्षा महाविद्यालय मोहरपारा, मनेन्द्रगढ़, कोरिया | निजी | **117302** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 71 | जांजगीर | हरिशंकर कॉलेज आफ एज्यूकेशन, जांजगीर | निजी | **115303** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 72 | जांजगीर | राहौद एज्यूकेशन सोसायटी व्याहा– खरौद, ग्रा.+पो. राहौद | निजी | **115304** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 73 | जांजगीर | कोणार्क कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन, खोकसा पिथमपुर चौक, जांजगीर | निजी | **115305** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 74 | जांजगीर | ज्ञानदीप शिक्षा महाविद्यालय जांजगीर | निजी | **115307** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 75 | जांजगीर | ज्ञानोदय शिक्षा महाविद्यालय जांजगीर | निजी | **115308** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 76 | जांजगीर | जगरानी देवी शिक्षा महाविद्यालय बाराद्वार जांजगीर–चांपा | निजी | **115301** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 77 | जांजगीर | उत्कर्ष कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन, सरखो रोड, जांजगीर चांपा | निजी | **115302** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 78 | जांजगीर | केसरी शिक्षण समिति खोखरा ,जांजगीर चांपा | निजी | **115310** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 79 | जांजगीर | ज्ञान रोशनी लोक कल्याण संस्था खोखरा ,जांजगीर चांपा | निजी | **115311** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 80 | जांजगीर | श्याम शिक्षा महाविद्यालय ,रिशमतिर्थ ,सक्ती तह.सक्ती ,जिला जांजगीर चांपा | निजी | **115312** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 81 | जांजगीर | श्री महंतलालदास शिक्षा महाविद्यालय शिवरीनारायण जांजगीर चांपा | निजी | **115309** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 82 | राजनांदगांव | श्रीराम कॉलेज आफ एज्यूकेशन, श्री राम परिसर, ठाकुर टोला, राजनांदगांव | निजी | 120301 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 83 | राजनांदगांव | कान्फ्लूयेंस कॉलेज आफ हायर एज्यूकेशन, राजनांदगांव | निजी | 120302 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 84 | राजनांदगांव | रॉयल कॉलेज लालबाग, राजनांदगांव | निजी | 120303 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 85 | राजनांदगांव | सेन्ट्रल इंडिया इंस्टीट्यूट देवादा चौक जी.ई.रोड राजनांदगांव | निजी | 120304 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 86 | महासमुंद | प्रतीभा कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन ,बालसी ,सराईपाली जिला महासमुंद | निजी | 118303 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 87 | दंतेवाड़ा | विश्वभारती इंस्टीटयूट कोंटा दंतेवाड़ा | निजी | 112301 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 88 | रायपुर | कमलाकांत शुक्ला इंस्टीटयूट देवरी,भाटापारा रायपुर | निजी | 119328 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 89 | दुर्ग | संदीपनी एकेडिमिक अछोटी मुरमुंदा तह.घमधा दुर्ग | निजी | 114329 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 90 | दुर्ग | शैलदेवी महाविद्यालय ग्राम अण्डा जिला दुर्ग | निजी | 114330 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 91 | दुर्ग | डी.ए.व्ही.माडल कालेज धमधा रोड ,जिला दुर्ग | निजी | 114331 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 92 | बिलासपुर | पं. मदनमोहन मालवीय शिक्षा महाविद्यालय लावर,पो.आ.कोनी मस्तुरी रोड,लावर मोड़ बिलासपुर | निजी | 111314 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 93 | दुर्ग | भिलाई स्कूल ऑफ एज्यूकेशन एवं रिसर्च प्लाट न. 1268, चन्द्रखुरी, दुर्ग | निजी | 114332 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 94 | दुर्ग | रूंगटा कॉलेज आफ साइंस एण्ड टेक्नालॉजी दुर्ग | निजी | 114333 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 95 | बिलासपुर | एस.एस.कालेज ऑफ एजूकेशन सारबहरा, पेन्ड्रारोड़ बिलासपुर (छ.ग.) | निजी | 111313 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 96 | बिलासपुर | संत गुरूघासी दास शिक्षा ऑफ एज्यूकेशन, पचपेड़ी, व्हाया मस्तूरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) | निजी | 111301 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 97 | रायगढ़ | जानकी कालेज ऑफ एजूकेशन धनुहारडेरा, रायगढ़ | निजी | 122302 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 98 | राजनांदगांव | सोमनी महाविद्यालय, सोमनी जिला–राजनांदगांव | निजी | 120305 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 99 | रायपुर | श्री रावतपुरा सरकार इस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, नया रायपुर मुक्तागंन के पास चंपारन रोड़ नया रायपुर | निजी | 119329 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 100 | दुर्ग | श्री रावतपुरा सरकार इस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, पावरग्रीड कार्पोरेशन के पास, हॉलीडे रिशोर्ट के पीछे, कुम्हारी, धमधा, दुर्ग | निजी | 114334 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 101 | जांजगीर चांपा | संदीपनी शिक्षा महाविद्यालय बुन्देला रोड़, पानी टेंक के पास, राहौद | निजी | 115313 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 102 | सरगुजा | पावर्ती इंस्टीटयूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एण्ड मनेजमेन्ट कालेज मदनपुर मनेन्द्रगढ़, रोड पोस्ट–सिलकली, जिला सूरजपूर, अंबिकापुर | निजी | 121305 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 103 | जांजगीर | लाल बहादुर शास्त्री कालेज, हरदीबाजार रोड़, बलौदा जिला–जांजगीर चांपा | निजी | 115306 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 104 | बेमेतरा | समाधान कालेज, समृद्धि विहार एलोन्स पब्लिक स्कूल के पास बेरला रोड़, बेमेतरा | निजी | 114335 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 105 | जांजगीर चांपा | श्री कृष्णा शिक्षा महाविद्यालय पिथमपुर चौक, खोखसा जांजगीर चांपा | निजी | 115314 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 106 | कोरबा | हसदेव एज्यूकेशन कालेज आमापाली, तिलकेजा कोरबा | निजी | 116304 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 107 | दुर्ग | बी.एम. कालेज, शासकीय आईटी. आई के सामने बालोदरोड, कोलिहापुरी दुर्ग | निजी | 114336 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 108 | रायपुर | के.डी. रूगंटा कालेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नालॉजी, रूंगटा एज्यूकेशन केम्पस, वीर सावरकर नगर, नंदनवन के पास रायपुर | निजी | 114337 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 109 | रायपुर | दिशा कालेज ऑफ मेनेजमेन्ट एण्ड स्टडीज सत्यविहार विधानसभा चन्द्रखुरी मार्ग, रायपुर व्याहा–पचेड़ा, मंदिर हसौद | निजी | 119331 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 110 | रायपुर | दिशा कालेज ऑफ साइंस एण्ड कामर्स, बिल्डींग–2 दिशा पार्क, रामनगर, कोटा रोड रायपुर | निजी | 119330 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 111 | रायपुर | सेन्ट्रल कालेज ऑफ एज्यूकेशन CCE, NH-6 राजू ढाबा के पास मन्दिर हसौद, रायपुर | निजी | 119332 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 112 | रायपुर | स्पेक्ट्रम कालेज ऑफ एज्यूकेशनस, नरदहा, पचेडाय रोड़, एन.एच. गोयल स्कूल के पास नरदहा रायपुर | निजी | 119333 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 113 | रायपुर | सी.आई.टी.बी. एड कालेज, NH-43, भेलवाडीह, नया रायपुर | निजी | 119334 | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 114 | जंजगीर चांपा | माँ एज्यूकेशन कालेज, पोस्ट–पामगढ़ जिला–जांजगीर चांपा | निजी | **115315** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 115 | गरियाबंद | विरेन्द्र दीपक शिक्षा महाविद्यालय मेनरोड, जामगांव जिला–गरियाबंद | निजी | **119335** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 116 | रायपुर | श्रीराम कालेज सारागांव, खरोरा रोड, रायपुर | निजी | **119336** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 117 | महासमुंद | जयहिन्द कालेज, वार्ड नं. 20, मलेश्वर रोड, गैस गोदाम के पास, महासमुंद | निजी | **118304** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 118 | रायपुर | शम्भवी स्कूल ऑफ एज्यूकेशन, घुसेरा अभनपुर जिला – रायपुर | निजी | **119337** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 119 | दुर्ग | देव संस्कृति कालेज ऑफ एज्यूकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी, ग्राम–खपरी, पोस्ट–जेवरा जिला–दुर्ग | निजी | **114309** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 120 | दुर्ग | प्रिज्म स्कूल ऑफ एज्यूकेशन उतई, तहसील–पाटन जिला–दुर्ग (छ.ग.) | निजी | **114338** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 121 | रायपुर | कृति इस्टीट्यूट ऑफ टीचर एज्यूकेशन, नरदहा रायपुर | निजी | **119338** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 122 | रायपुर | श्री रावतपुरा सरकार कालेज ऑफ एज्यूकेशन, ग्राम–धनेली, माना रोड रायपुर | निजी | **119339** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 123 | रायपुर | कोलम्बिया कालेज, विधानसभा के पास, माढ़र रोड, मुरकोनी टेकरी रायपुर | निजी | **119340** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 124 | रायपुर | RITEE कालेज ऑफ एज्यूकेशन, कांगेरवली केम्पस, पं. रविशंकर विश्वविद्यालय के पास, रायपुर | निजी | **119341** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 125 | कोरिया | मार्गदर्शन संस्थान शिक्षा महाविद्यालय, श्री सरवेश्वरी नगर, बैकुण्ठपुर जिला–कोरिया | निजी | **117301** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| 126 | महासमुंद | श्याम बालाजी कालेज, अयोध्यानगर, महासमुंद 493445 | निजी | **...............** | छ.ग.के निवासी | 80 |
| | | | | | अखिल भारतीय | 20 |
| | | | | | | |

नोट :–

1. उपरोक्त सूची में एन.सी.टी.ई. द्वारा मान्यता सम्बन्धी लिए जाने वाले निर्णयों के तहत कुछ महाविद्यालयों के नाम हटाये जा सकते हैं तथा नये महाविद्यालयों के नाम जोड़े जा सकते हैं। अर्थात् महाविद्यालयों की संख्या घट–बढ़ सकती है।
2. राज्य के शासकीय व निजी शिक्षा महापिद्यालय में संचालित बी.एड.पाठ्यक्रम में प्रवेश शुल्क छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों के अनुसार होगा। शुल्क की जानकारी हेतु उक्त आदेश को एस.सी.ई.आर.टी. के बेबसाइट में देख सकते है।
3. उपरोक्त सूची में टंकन त्रुटि हो सकती है, सही जानकारी SCERT के वेबसाइट **http://scert.cg.gov.in** में देख सकते हैं।

(अनिल राय)
संचालक
एस.सी.ई.आर.टी, छ.ग. रायपुर

# प्री.बी.एड. 2014 के लिए पाठ्यक्रम

## भाग – 1
## सामान्य मानसिक योग्यता

**30 अंक**

**इसमें मानसिक योग्यता में निहित निम्नांकित कार्य आते हैं :–**

तर्क करना, संबंध देखना, एनालॉजी, आंकिक योग्यता, आकाशीय संबंध आदि।

इन कारकों का परीक्षण करने के लिए सामान्यतः इस प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं – विषमता को पहचानना, आंकिक श्रेणी, अक्षर क्षेणी, अक्षर अंक और चित्रों द्वारा संबंध देखना, सांकेतिक भाषा, छुपे हुए चित्र, वर्ग एवं अंक, गणितीय संक्रियाएँ चित्रों का मिलान, घन संबंधी विभिन्न प्रकार के पैटर्न आदि–आदि।

## भाग – 2
## सामान्य चेतना

**20 अंक**

इस प्रश्न पत्र में निम्नांकित विषय रहेंगे। केवल सामान्य विज्ञान विषय को छोड़कर शेष अन्य सभी विषय भारत एवं छत्तीसगढ़ तक सीमित रहेंगे–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | भारतीय इतिहास : | भारतीय सांस्कृतिक विकास, ऐतिहासिक घटनाएँ, भारतीय स्वतंत्रता का इतिहास 1857 से 1945 तक, 1947 के बाद का घटनाक्रम, सुधार आंदोलन, राष्ट्रीय एकता |
| 2. | नागरिक शास्त्र/राजनीति विज्ञान | मौलिक कर्तव्य एवं अधिकार, शिक्षा, भाषा, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय प्रतीक,राष्ट्रीय व्यक्तित्व, लोकसभा, राज्य सभा,मुख्य संवैधानिक प्रावधान। |
| 3. | अर्थशास्त्र | सामाजिक एवं आर्थिक विकास, जनसंख्या परिप्रेक्ष्य, सकल राष्ट्रीय उत्पादन और प्रति व्यक्ति आय, शिक्षा का बजट, राष्ट्र एवं राज्य, नियोजन प्रक्रिया, कृषि, ग्रामीण विकास, औद्योगिक एवं व्यापारिक विकास, भारतीय अर्थव्यवस्था, बैंक प्रणाली, रोजगार समस्या, वर्तमान आर्थिक घटनाक्रम। |
| 4. | भूगोल | प्राकृतिक संसाधन, पर्यावरण चेतना, वनस्पति एवं प्रणाली समूह, मिट्टी और उसके प्रकार, खनिज, भारत के राज्य, उनकी भौगौलिक स्थिति। |
| 5. | सामान्य विज्ञान | मुख्य आविष्कार एवं आविष्कारक, जन विज्ञान आंदोलन, स्वास्थ्य, स्वास्थ्य विज्ञान एवं जनसंख्या चेतना, जीवन की गुणवत्ता। |
| 6. | खेल और शिक्षा, योग शिक्षा, मूल्य शिक्षा | भारत के विभिन्न आयोग, शिक्षा नीतियों, शिक्षा–नीति, समीक्षा,औपचारिकेतर शिक्षा/पूर्ण साक्षरता अभियान/सतत शिक्षा संबंधी रिपोर्ट्स शैक्षिक तकनीक विभिन्न नवाचार, प्रोजेक्ट और शिक्षा में प्रयोग, शिक्षा का लोक व्यापीकरण/प्रारंभिक शिक्षा लोकव्यापीकरण/ सबके लिए शिक्षा/जिला,प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम/ निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार कानून 2009 राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्/दूर शिक्षा/संचार माध्यम, खेलकूद, योग एवं उपलब्धि शाला, स्वच्छता एवं शाला प्रबंधन। |

## भाग–3

**शैक्षणिक अभिरूचि** **30 अंक**

शैक्षणिक अभिरूचि में निम्नलिखित कार्य सम्मिलित हैं :– बच्चों के प्रति अभिवृत्ति, अनुकूलन की योग्यता, व्यवसाय संबंधी सूचनाएं, व्यवसाय में रूचि। इनका परीक्षण कथनों की सहायता से किया जाएगा।

## भाग–4
## सामान्य हिन्दी

**अ. व्याकरण** **10 अंक**

- मानक भाषा : स्वरूप और लक्षण,
- संज्ञापद, सर्वनाम, क्रिया विशेषण का व्यावहारिक प्रयोग
- समास–रचना एवं प्रकार,
- संधि नियम एवं प्रकार,
- अवधारणात्मक व्याकरण, व्यवहार, एवं प्रयोग
- विनम्रता सूचक, विधि निषेध,
- काल बोध, स्थान एवं दिशा बोध
- कारक–कार्य संबंध, अनुक्रम,
- व्याकरणिक अशुद्धियां

**ब. शब्द बोध**

- शब्द–रचना उपसर्ग प्रत्यय एवं इनके अर्थ मूलक प्रभाव
- शब्द–प्रकार तत्सम, तद्‌भव, देशज विदेशी, संकर, नवनिर्मित,
- शब्दार्थ–पर्यायवाची, विलोमार्थी, अनेकार्थी, युग्म
- अशुद्धि संशोधन,–उच्चारणगत्, शब्द व शब्दार्थगत
- हिन्दी के पारिभाषिक एवं तकनीकी शब्द पारिभाषिक शब्द निर्माण के आधार
- पारिभाषिक शब्द–प्रशासनिक, मानविकीय, वाणिज्यिक

## PART –V

## Communication Ability in General English **10 Marks**

**UNIT –I: GRAMMAR –**

1. SENTENCE
1.1 Simple, Complex and Compound sentences.
1.2 Subordinate and co-ordinate clauses.
1.3 Transformation of sentences.
2 TENSE
2.1 Simple, present, progressive and present perfect
2.2 Simple past, progressive and past perfect.
2.3 Indication of futurity
3 VOICE
4 Narration
5 Modals (will, would, shall, should, ought to, must, have to, can-could, may-might and need)
6 Verb structures (Infinitive and gerundials)
7 Questions Tag
8 Preposition
9 Nouns – counts and non-counts nouns

**UNIT – II: VOCABULARY**

1. Prefixes and Suffixes
2. One word substitution
3. Synonyms and Antonyms
4. Spellings
5. Derivations

(अनिल राय)
संचालक
एस.सी.ई.आर.टी, छ.ग. रायपुर

# छत्तीसगढ़ शासन

# स्कूल शिक्षा विभाग

# मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

**रायपुर, दिनांक 31.01.08**

# अधिसूचना

क्रमांक एफ 6 –2/08/20 राज्य शासन एतद् द्वारा प्रदेश में डाइट/बी.टी.आई./महाविद्यालयों/संस्थाओं में द्विवर्षीय डी. एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए निम्नलिखित नियम बनाता है, अर्थात् :–

1. **संक्षिप्त नाम, प्रारंभ तथा विस्तार : (1)** इन नियमों का नाम छत्तीसगढ़ डी. एड. प्रवेश नियम 2007 होगा। **(2)** यह छत्तीसगढ़ राज्य के सभी शासकीय एवं निजी डी. एड. पाठ्यक्रम संचालित करने वाली संस्थाओं पर लागू होंगे। **(3)** यह अधिसूचना प्रकाशित होने के दिनांक से प्रभावशील होंगी।

2. **परिभाषाएँ –** इन नियमों में जब तक कि संदर्भ द्वारा अन्यथा अभिप्रेत न हो–

(क) **''राज्य शासन''** से तात्पर्य है, छत्तीसगढ़ शासन,

(ख) **''श्रेणी''** से तात्पर्य है, अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर)

(ग) **''संवर्ग''** से तात्पर्य है, महिला, निःशक्त, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा भूतपूर्व सैनिक,

(घ) **''प्री डी. एड. परीक्षा''** से तात्पर्य है, डी. एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षा,

(ड.) **''संचालक''** से तात्पर्य है, संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्,

(च) **''अनुदान प्राप्त संस्था/महाविद्यालय''** से तात्पर्य है, ऐसी संस्था/महाविद्यालय जिसने कभी भी राज्य शासन से किसी भी प्रकार का अनुदान, अथवा चल–अचल संपत्ति की कोई सहायता प्राप्त की हो, और ''गैर अनुदान प्राप्त संस्था/महाविद्यालय'' का तात्पर्य भी इसी अनुसार निकाला जाएगा,

(छ) **''गैर अनुदान प्राप्त अल्पसंख्यक संस्था/महाविद्यालय''** से अभिप्रेत है कि ऐसे संस्था/महाविद्यालय जो छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा प्रमाणित हो तथा महाविद्यालय के न्यूनतम 50 प्रतिशत सीट धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के लिए आरक्षित

हो।

(ज) **''डाइट''**से तात्पर्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं ''बी.टी.आई.'' से तात्पर्य बेसिक ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट है।

[1](झ) **''ऑनलाइन आंबटन''** से अभिप्रेत है कि प्री.डी.एड. परीक्षा प्रावीण्य सूची के ऐसे उम्मीदवार जो डी.एड.पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित अर्हताएं रखते हैं तथा उन्हें अनुमान है कि उन्हें डी.एड. पाठ्यक्रम हेतु महाविद्यालय आबंटित हो सकता है, विकल्प फार्म भरने हेतु निर्धारित केन्द्रों में जाकर ऑनलाइन विकल्प फार्म भरते हैं। ऐसे उम्मीदवारों को प्री.डी.एड.परीक्षा प्रावीण्यता, संस्था/महाविद्यालय में रिक्त सीटों तथा उनके द्वारा भरे गये संस्थाओं/महाविद्यालयों के विकल्प के आधार पर संस्था/महाविद्यालय का आबंटन किया जाता है।

**3. डी. एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश –**

[2](क) **प्री डी. एड. परीक्षाः**–सामान्यतया डी. एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश प्री डी. एड. परीक्षा की प्रावीण्य सूची के आधार पर किए गए आनलाइन आबंटन के माध्यम से दिया जायेगा।

(ख) **मूल निवासी** –राज्य के शासकीय तथा शासकीय अनुदान प्राप्त डाइट/बी.टी.आई. /महाविद्यालयों/संस्थाओं में डी. एड. पाठ्यक्रम की समस्त सीटों पर तथा निजी गैर अनुदान प्राप्त संस्थाओं/ महाविद्यालयों में 80 प्रतिशत सीटों पर केवल छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। निजी गैर अनुदान प्राप्त संस्थाओं/महाविद्यालयों की 20 प्रतिशत सीटों पर छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों को भी प्रवेश दिया जा सकेगा। छत्तीसगढ़ के मूल निवासी की परिभाषा छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप होगी।

(ग) **आयु सीमा** – डी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु प्री डी.एड. परीक्षा वर्ष की 01 जुलाई को 17 वर्ष होगी तथा अधिकतम आयु 33 वर्ष से अधिक नहीं होगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग(क्रीमीलेयर को छोडकर)

---

1. छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग की अधिसूचना क्रमांक F6-02/20 एक/2008, दिनांक 01 अप्रैल 2010 द्वारा संशोधित प्रतिस्थापित।
2. छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग की अधिसूचना क्रमांक F6-02/20 एक/2008, दिनांक 01 अप्रैल 2010 द्वारा संशोधित प्रतिस्थापित।

एवं संवर्ग के अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु में छूट छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन

विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप होगी।

4. **प्री डी. एड. परीक्षा में सम्मिलित होने की अर्हताएं** – डी. एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए निम्नलिखित अर्हताएँ होंगी –

(क) भारत का नागरिक हो।

(ख) हायर सेकेण्डरी (कक्षा 12 वीं) अथवा उसके समकक्ष परीक्षा में कम से कम 50% अंक के साथ उत्तीर्ण हो, अनुसूचित जातियों/ अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोडकर) एवं राज्य सरकार के नियमों के अनुसार संवर्ग के अभ्यर्थियों के लिए अंकों मे 5 प्रतिशत छूट की व्यवस्था होगी। ऐसे अभ्यर्थियों को जो + 2 परीक्षा में बैठे है प्री डी.एड. परीक्षा में प्रोवीजनल प्रवेश दिया जाएगा। परन्तु उन्हें [1]आनलाइन विकल्प फार्म भरने के समय + 2 परीक्षा उत्तीर्ण का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

5. **डी. एड. पाठ्यक्रम में सीटों का आरक्षण** – डी. एड. पाठ्यक्रम की उपलब्ध सीटों में वर्टिकल तथा क्षैतिज दोनों प्रकार का आरक्षण होगा। वर्टिकल आरक्षण के लिए श्रेणियाँ होगी, तथा क्षैतिज आरक्षण के लिए संवर्ग होंगे।

[2]**(क) वर्टिकल आरक्षण अथवा श्रेणी** वर्टिकल आरक्षण में जिलेवार आरक्षण लागू होगा अर्थात् अनुसूचिचत जाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) के लिए आरक्षण का प्रतिशत जिलेवार आरक्षण सूची **I** के अनुसार होगा। इसके लिए अभ्यर्थी जिस जिले के डी.एड. संस्था में प्रवेश लेना चाहता है, उसी जिले का निवासी अथवा उसी जिले से बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण करना होगा। आबंटन सूची जिलेवार जारी होगी । यदि किसी डाइट /बी.टी.आई.में आबंटन के पश्चात् सीट रिक्त रह जाती है तो उसे अन्य जिले के अभ्यर्थियों से प्रावीण्यता के आधार पर भरी जा सकेगी। नये जिले जिसमें डाइट/ बी.टी.आई.उपलब्ध नहीं है के अभ्यर्थी अपने पूर्व जिले की डाइट /बी.टी.आई के लिए आवेदन कर सकेंगे।

(ख) क्षैतिज आरक्षण अथवा संवर्ग का तात्पर्य है कि यह आरक्षण सभी श्रेणियों की सीटों पर समान रूप से होगा। क्षैतिज आरक्षण निम्नानुसार होगा –

---

1. छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग की अधिसूचना क्रमांक F6-02/20 एक/2008, दिनांक 01 अप्रैल 2010 द्वारा संशोधित प्रतिस्थापित।
2. नियम 5 (क) के स्थान पर छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग की अधिसूचना क्रमांक F6-02/20 एक/2008, दिनांक 01 अप्रैल 2010 द्वारा संशोधित प्रतिस्थापित।

(एक) निःशक्त संवर्ग के लिए 6 प्रतिशत। इस संवर्ग में आरक्षण का लाभ पाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में समय–समय पर जारी

निर्देशों के अनुरूप निःशक्त होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(दो) स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संवर्ग श्रेणी के लिए 3 प्रतिशत। इस संवर्ग में आरक्षण का लाभ पाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अथवा उनका पुत्र/पुत्री/पौत्र/पौत्री होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(तीन) भूतपूर्व सैनिक संवर्ग के लिए 3 प्रतिशत। इस संवर्ग में आरक्षण का लाभ पाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप भूतपूर्व सैनिक होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(चार) महिला संवर्ग के लिए 30 प्रतिशत।

(ग) शासकीय और अनुदान प्राप्त डाइट/बी.टी.आई. में गणित एवं विज्ञान समूह के लिए कम से कम 50% स्थान आरक्षित होगा। शेष स्थान अन्य समस्त समूह जैसे कला, वाणिज्य, कृषि, गृह विज्ञान, व्यावसायिक शिक्षा, ललित कला इत्यादि के लिए होंगे। किसी एक समूह के पर्याप्त अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की दशा में किसी अन्य समूह के अभ्यर्थी को प्रवेश दिया जा सकेगा।

(ध) उपरोक्त आरक्षण नियम ''**गैर अनुदान प्राप्त अल्पसंख्यक संस्थाओं/ महाविद्यालयों एवं गैर अनुदान प्राप्त संस्थाओं/महाविद्यालयों**'' में लागू नहीं होंगे।

6. **प्री डी. एड. परीक्षा –**

(क) प्रतिवर्ष डी. एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए एक प्री. डी. एड. परीक्षा आयोजित की जाएगी।

(ख) राज्य शासन आदेश द्वारा प्री. डी. एड. परीक्षा आयोजित करने की एजेंसी नियुक्त करेगा। राज्य शासन किसी भी समय इस हेतु किए गए आदेश द्वारा एजेंसी बदल सकेगा।

(ग) प्री. डी. एड. परीक्षा में एक ही प्रश्न पत्र होगा। अंकों का विभाजन निम्नानुसार होगा–

1. सामान्य मानसिक योग्यता 30 प्रतिशत ।
2. सामान्य ज्ञान 20 प्रतिशत।
3. शिक्षण अभिरूचि 30 प्रतिशत ।
4. सामान्य हिन्दी 10 प्रतिशत ।
5. सामान्य अंग्रेजी 10 प्रतिशत ।

(घ) केवल बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे।

(ड.) निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

(च) प्री. डी. एड. परीक्षा में पुनर्मूल्यांकन तथा अंकों की पुनर्गणना नहीं की जाएगी।

